भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *227
जिसका उत्तर 4 अगस्त, 2021 को दिया जाना है।
13 श्रावण, 1943 (शक)

सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर उत्पादों हेतु उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना

***227. श्री तालारी रंगैय्या** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हार्डवेयर उत्पादों के लिए उत्पादों के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत 14 पात्र आवेदकों को हाल ही में अनुमोदित दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का लक्ष्य देश में उक्त उत्पादों के विनिर्माण हेतु चार वर्षों की अवधि के लिए 7000 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): एक विवरण- पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर उत्पादों हेतु उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना के संबंध में दिनांक 4.8.2021 को लोक सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *227 के उत्तर में उल्लिखित विवरण-पत्र

(क) और (ख) : आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को आईटी हार्डवेयर उत्पादों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए अनुमोदित किया गया है, ताकि अन्य प्रमुख विनिर्माण अर्थव्यवस्थाओ की तुलना में विनिर्माण अक्षमताओं की भरपाई की जा सके और मूल्य श्रृंखला में बड़े निवेश को आकर्षित किया जा सके। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 24.02.2021 को आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई को अनुमोदित कर दिया है। योजना को दिनांक 03.03.2021 को अधिसूचित किया गया। योजना के तहत लक्षित खंडों में लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) और सर्वर शामिल हैं। यह योजना दिनांक 30.04.2021 तक आवेदन प्राप्त करने के लिए खुली थी। योजना के तहत कुल 14 आवेदनों को अनुमोदित किया गया है, जो नीचे सूचीबद्ध किए गए हैं :

- श्रेणी - आईटी हार्डवेयर कंपनियां: डेल इंटरनेशनल सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, आईसीटी सर्विसेज मैनेजमेंट सोल्यूशंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, राइजिंग स्टार्स हाई-टेक प्राइवेट लिमिटेड और फ्लेक्सट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड।

- श्रेणी - घरेलू कंपनियां: लावा इंटरनेशनल लिमिटेड, डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) लिमिटेड, इंफोपावर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, भगवती प्रोडक्ट्स लिमिटेड, नियोलिन्क टेली कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल), नेटवेब टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, स्माइल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (एसईएल), वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और पानाचे डिजिलाइफ लिमिटेड (पीडीएल)।

(ग) और (घ) : आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना में चार वर्षों की अवधि में 7,350 करोड़ रुपये (25 करोड़ रुपए के प्रशासनिक व्यय सहित) का बजट परिव्यय है। योजना के तहत अपेक्षित वार्षिक प्रोत्साहन परिव्यय और संचयी प्रोत्साहन परिव्यय इस प्रकार है:

वर्ष	**कुल प्रोत्साहन (करोड़ रुपए में)**
वर्ष 1	720
वर्ष 2	1,305
वर्ष 3	1,820
वर्ष 4	3,480
कुल	**7,325**

******